@Fair Report @Fair_report @fairreportnews @Fair report

# FAIR REPORT

THE DAWN OF A FEARLESS PEN

Jaipur, Sunday, 14 June 2026

PRGI No. - RNI- RJBIL/25/A1808| Vol 1 | Issue No.- 268 Pages 04 | ₹3.00

## Five IAF Personnel Killed as AN-32 Crashes During Landing in Assam's Jorhat

FAIR REPORT

**Jorhat/Jaipur,** June 13: In a tragic blow to the Indian Air Force, five air warriors lost their lives when an AN-32 transport aircraft crashed during landing at Rowriah Air Force Station in Assam's Jorhat on Saturday. The co-pilot survived the crash and is undergoing treatment for injuries, officials said.

The aircraft, engaged in routine transport operations, went down within the air base premises during the final phase of landing. Rescue and emergency response teams rushed to the site and launched immediate recovery operations. Despite efforts, five personnel on board succumbed to their injuries.



The deceased have been identified as Squadron Leader Prashant Singh, Flight Lieutenant Shubham Kumar, Sergeant Jitendra Sharma, Agniveervayu Khemaram Kumawat and Agniveervayu Danish Alam. The tragedy has cast a pall of grief across the defence establishment and the nation.

Defence Minister Rajnath Singh expressed profound sorrow over the loss, paying tribute to the fallen personnel and conveying condolences to their families. He said the nation would always remember their courage, dedication and service with pride and gratitude.

Particularly poignant is the loss of two Agniveervayu personnel, Khemaram Kumawat and Danish Alam, whose promising military careers were cut short while serving the nation. Their sacrifice underscores the commitment and spirit of India's newest generation of air warriors. The Indian Air Force has ordered a Court of Inquiry to ascertain the cause of the crash. Officials said all aspects, including technical and operational factors, will be examined. The exact cause of the accident remains unknown. As the investigation begins, the nation mourns five brave hearts who made the ultimate sacrifice in uniform. Not connected.

## CM Bhajan Lal Sharma Attends Special Screening of Bharat Bhagya Vidhata at Mirage Cinema

### Lauds Spirit of Service and Nation-Building

FAIR REPORT



**Jaipur**: Rajasthan Chief Minister Bhajan Lal Sharma on Saturday attended a special screening of the film Bharat Bhagya Vidhata at Mirage Cinema, located within Entertainment Paradise at Jawahar Circle, Jaipur, in an event that brought together public representatives, healthcare professionals and students under one roof.

The screening was attended by actor and Member of Parliament Kangana Ranaut, Deputy Chief Minister Diya Kumari, MP Manju Sharma, the film's producers and directors, nursing professionals and students. The event highlighted the role of cinema as a medium for inspiring social responsibility and national consciousness among young Indians.

Addressing the gathering, the Chief Minister congratulated the filmmakers and praised the movie for promoting values of duty, service and commitment towards society. He urged the youth to actively participate in community service and contribute to nation-building through positive action.

A major highlight of the evening was the recognition of nursing professionals for their outstanding contribution to healthcare and public service. Several nurses were felicitated for their dedication and exemplary work.

The event also showcased Mirage Cinema's growing stature as a premier venue for high-profile cultural and public engagement programmes in Jaipur. By hosting the special screening, the Mirage Group reinforced its commitment to supporting meaningful cinema and community-oriented initiatives. The evening concluded with a strong message that inspiring stories, when combined with public service, can become powerful catalysts for social change and national development.

## America's Most Wanted Gang Boss Killed in Joint US-Venezuela Strike

FAIR REPORT

**Caracas/Washington,** June 13: Héctor Rusthenford Guerrero Flores, better known as "Niño Guerrero" and regarded as the architect of the notorious Tren de Aragua criminal network, has been killed in a US military strike conducted in coordination with Venezuelan authorities, according to announcements by US President Donald Trump and senior defence officials.

The operation marks one of the most significant actions against organised crime in the Americas in recent years. Guerrero, who carried a US reward of up to $5 million, was accused of transforming a Venezuelan prison gang into a transnational criminal organisation with operations stretching across Latin America and beyond. Prosecutors linked the group to human trafficking, drug smuggling, extortion, kidnappings and acts of extreme violence.

Trump described the strike as a "swift and lethal" operation and released aerial footage purportedly showing the target being destroyed. Venezuelan authorities also acknowledged a joint operation against criminal elements in Bolívar state.

For more than a decade, Guerrero was considered one of the hemisphere's most elusive crime bosses, directing operations even after imprisonment and later escaping a major prison crackdown. Under his leadership, Tren de Aragua evolved into a powerful cross-border syndicate feared by law-enforcement agencies throughout the region. While officials have hailed the strike as a major victory against organised crime, security analysts caution that the group's future remains uncertain. Whether Guerrero's death cripples the organisation or sparks a violent struggle for succession may determine the next chapter in Latin America's battle against transnational criminal networks.

## Congress Launches Nationwide Campaign on Paper Leaks, Rahul Gandhi to Lead Student Conventions Across Four Cities

FAIR REPORT

**New Delhi**: Stepping up its attack on the Centre over examination irregularities and youth unemployment, the Congress on Saturday announced a nationwide campaign centred on paper leaks, recruitment delays and education reforms, with Leader of Opposition Rahul Gandhi set to address a series of student conventions beginning later this month. The campaign will commence in Kota on June 17, followed by programmes in Allahabad on July 10, Patna on July 11 and Delhi on July 14. The initiative has been approved by Congress president Mallikarjun Kharge and will be coordinated through the party's youth and student wings, including the NSUI and Youth Congress. In a statement issued by AICC General Secretary (Organisation) K C Venugopal, the party said it would intensify outreach among students, job aspirants and young voters through public meetings, campus interactions, digital campaigns and live screenings of key events. The Congress has outlined four principal demands: decentralisation of the NEET examination process, abolition of examination fees, stringent legal action against paper leak networks, and the resignation of the Union Education Minister over alleged failures in safeguarding the integrity of competitive examinations. The choice of Kota as the campaign's launch venue is politically significant. Known as India's largest coaching hub, the city has frequently been at the centre of debates surrounding academic pressure, student welfare and examination reforms. The party has also announced plans to raise the issue during Parliament's upcoming monsoon session, seeking a wider debate on the challenges confronting India's youth. The BJP had not issued an official response to the campaign announcement till late Saturday evening.

## Lt Gen Dhiraj Seth Appointed Next Army Chief; Set to Steer Indian Army into Era of Tech-Driven Warfare

FAIR REPORT

**New Delhi:** In a significant leadership transition for the country's defence establishment, the Government of India has appointed Lt Gen Dhiraj Seth as the next Chief of the Army Staff, entrusting him with the responsibility of leading the Indian Army at a time of rapid geopolitical change and technological transformation. A highly respected officer with extensive operational and command experience, Lt Gen Seth assumes command as the Army accelerates its shift towards network-centric warfare, artificial intelligence-enabled battlefield systems, integrated theatre commands and indigenous defence technologies. Defence analysts view the appointment as more than a routine change of guard. The next decade is expected to redefine military preparedness, with emerging challenges ranging from drone swarms and cyber warfare to space-based surveillance and multi-domain operations. Under Lt Gen Seth's leadership, the Army is expected to intensify modernisation efforts while maintaining combat readiness along India's sensitive borders. The appointment comes amid a broader push for self-reliance in defence manufacturing and deeper integration among the Army, Navy and Air Force. Strategic experts believe the new Army Chief will play a pivotal role in shaping India's military doctrine for future conflicts.

## V. Srinivas Showcases India's Administrative Leadership at Global Governance Forum in Brussels

Hemraj Tikam chand Tiwari
Fair Report




**Brussels/Jaipur,** June 13: Marking one year of India's presidency of the International Institute of Administrative Sciences (IIAS) Council, V. Srinivas, Secretary, Department of Administrative Reforms and Public Grievances (DARPG), Government of India, and President of the IIAS Council, delivered the presidential address at a high-level commemorative event in Brussels, reaffirming India's growing influence in global governance and public administration.

The event, hosted at the IIAS Secretariat, brought together leading public administration institutions, policymakers and governance experts from across the world. During the visit, Mr. Srinivas held extensive discussions with senior IIAS officials, including Director General Dr. Sofiane, as well as representatives of the European Group for Public Administration (EGPA) and the International Association of Schools and Institutes of Administration (IASIA).

India's presidency of the IIAS Council for the 2025–2028 term is widely regarded as a significant milestone, placing the country at the forefront of international conversations on governance reform, institutional innovation and public-sector excellence. Under Mr. Srinivas's leadership, India's engagement with the global administrative community has gained renewed visibility and momentum.

A distinguished civil servant known for his contributions to administrative reforms, digital governance and public grievance redressal, Mr. Srinivas has emerged as one of India's prominent voices in international governance forums. His stewardship of the IIAS Council reflects India's commitment to strengthening global cooperation, knowledge-sharing and capacity-building in public administration.

As governments worldwide confront challenges ranging from digital transformation and artificial intelligence to citizen-centric service delivery, India's leadership at IIAS signals the country's growing role in shaping the future architecture of governance. Mr. Srinivas's Brussels engagement stands as a testament to the increasing recognition of Indian administrative expertise on the global stage and the country's aspiration to contribute meaningfully to the evolution of public institutions worldwide.



# पर्यटकों को खूब भा रहा जयपुर... लेकिन पब्लिक टॉयलेट्स साख पर लगा रहे दाग








**हकीकत-1 : दिल्ली रोड स्थित ट्रांसपोर्ट नगर**

पिंकसिटी जयपुर पर्यटकों की सबसे पसंदीदा जगहों में से एक है। यह प्रदेश की राजधानी भी है, लेकिन इसकी दुर्दशा करने में सरकारी मुलाजिम कोई कसर नहीं छोड़ रहे। तस्वीरों में हालात दिल्ली रोड स्थित ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में मुख्य सड़क पर बने पब्लिक टॉयलेट्स के हैं। जयपुर नगर निगम की ओर से संचालित शहर के सार्वजनिक शौचालयों (पब्लिक टॉयलेट्स) की हालत नरक से भी बदतर है। इन सुविधाओं का उपयोग करने के लिए कोई साधारण व्यक्ति तो जा ही नहीं सकता... क्योंकि ये सभी गंदगी से सने पड़े हैं। जयपुर नगर निगम की लापरवाही के कारण पब्लिक टॉयलेट्स के रख-रखाव के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। किसी भी आम इंसान के लिए इन शौचालयों का इस्तेमाल करना तो दूर, इनके पास से गुजरना भी दुश्वार है। चारों तरफ फैली गंदगी, टूटी हुई सीटें, बहता हुआ पानी और बदबू के कारण ये टॉयलेट्स बीमारियों का घर बन चुके हैं। हालांकि यहां नशेड़ी जरूर पड़े मिल जाएंगे। ये जगहें अब नशेड़ियों का अड्डा बन चुकी हैं। दिन हो या रात, यहां नशे में धुत्त लोग पड़े मिल जाएंगे। जिससे महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर भी बड़ा सवाल खड़ा होता है।

**हकीकत-2 : तारों की कूट इलाका —** ये हालात टोंक रोड की तरफ से जयपुर शहर की ओर आने वाले लोगों को भी शर्मिंदा करते हैं। तस्वीर तारों की कूट, बीटू बाईपास पर स्थित सार्वजनिक शौचालय की है। यहां गंदगी इस कदर हावी है कि आमजन यदि इनका उपयोग भी करना चाहे तो वह कर नहीं सकता। अगर समय रहते नगर निगम ने इस तरफ ध्यान नहीं दिया, तो जयपुर की साख पर लगा यह दाग कभी नहीं धुलेगा। सिर्फ कागजों पर नहीं, बल्कि जमीन पर उतरकर सफाई व्यवस्था को सुधारना होगा ताकि पिंकसिटी आने वाले लोग अच्छी यादें लेकर लौटें।





**निर्जला एकादशी :** नगर निगम को 48 घंटे से कम समय में प्राप्त हुए 251 पंजीकरण, जबकि लक्ष्य तय किया था 108 का

# 'अमृत सेवा' करने के लिए आए उम्मीद से दोगुना लोग आगे

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर जयपुर नगर निगम की ओर से आयोजित होने वाले 'अमृत सेवा' अभियान को आमजन, सामाजिक संस्थाओं, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और स्वयंसेवी संगठनों का अभूतपूर्व समर्थन प्राप्त हो रहा है। नगर निगम द्वारा प्रारंभिक रूप से 108 सेवा शिविरों की परिकल्पना की गई थी, लेकिन जयपुरवासियों के उत्साह और सहभागिता ने सभी अपेक्षाओं को पीछे छोड़ दिया है।

'अमृत सेवा' अभियान के लिए अब तक 251 पंजीकरण प्राप्त हो चुके हैं, जो निर्धारित लक्ष्य से दोगुने से भी अधिक हैं। इन पंजीकृत शिविरों के माध्यम से 7 लाख से अधिक आमजन तक शीतल पेयजल, शरबत, जूस, छाछ व फलाहार जैसी सेवाएं पहुंचने की संभावना है। अभियान के अंतर्गत 25 जून को निर्जला एकादशी पर सेवा शिविर लगाने वाले पंजीकृत प्रतिभागियों को नगर निगम द्वारा उपलब्धता के अनुसार आवश्यक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही, इस पहल के माध्यम से जलसेवा के साथ-साथ स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण व जनजागरूकता का संदेश भी प्रसारित किया जाएगा।

नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि प्राप्त सभी पंजीकरणों का परीक्षण किया जा रहा है। उपलब्ध स्थानों व व्यवस्थागत आवश्यकताओं के अनुसार पात्र आवेदनों को चरणबद्ध रूप से स्वीकृति प्रदान की जाएगी।




**फैक्ट फाइल**

- शहर में अपेक्षित सेवा शिविर: 108
- प्राप्त पंजीकरण: 251
- अनुमानित लाभार्थी: 7 लाख से अधिक आमजन
- आयोजन तिथि: 25 जून (निर्जला एकादशी)

# लुप्त होती कलाओं के संरक्षण के लिए हों प्रभावी प्रयास और आंचलिक कलाओं को मिले वैश्विक मंच : राज्यपाल

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र की शाषी परिषद की बैठक, गोवा के राज्यपाल पुसापति अशोक गजपति राजू भी रहे उपस्थित रहे

**FAIR REPORT**

**जयपुर**



राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने लुप्त होती दृश्य और प्रदर्शन कलाओं के संरक्षण के लिए प्रभावी प्रयास किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने राजस्थान, महाराष्ट्र, गोवा, दमन-दीव, गुजरात आदि की लोक-कलाओं के दस्तावेजीकरण कर उनके संरक्षण के साथ ऐसी कलाओं को रोजगार से जोड़ पारम्परिक कलाकारों को प्रोत्साहित किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आधुनिक वस्त्रों, घरेलू सज्जा और विश्व कला बाजार में हमारी आंचलिक कलाओं को कैसे पहचान मिले और कैसे इससे पारम्परिक कलाकारों को अधिकाधिक लाभान्वित किया जा सकता है, इस पर विशेष रूप से कार्य किया जाए।

बागडे शनिवार को गोवा में आयोजित पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक कला केन्द्र की शाषी परिषद् की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में गोवा के राज्यपाल पुसापति अशोक गजपति राजू भी उपस्थित रहे। राज्यपाल बागडे ने कहा कि पश्चिमी क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र निरंतर यह प्रयास करे कि हमारी आंचलिक कलाओं को वैश्विक स्तर पर मंच मिले। उन्होंने कहा कि लोक कलाओं से ही आधुनिक कलाओं का संसार बना है, इसलिए उनका संरक्षण सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।राज्यपाल ने बैठक में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की और कहा कि केन्द्र नियमित गतिविधियों के रूप में कला—आयोजन तो कराए, लेकिन कलाकारों की कला को विश्व स्तर पर स्थापित कैसे किया जाए, इस पर भी विशेष रूप से कार्य करे। इसके लिए उन्होंने आंचलिक कलाओं की बाजार संभावनाओं, विपणन से जुड़ी क्रियाओं और कलात्मक बोध जगाने से जुड़े आयोजन अधिकाधिक करवाए जाने की आवश्यकता जताई। राज्यपाल को बैठक में बताया गया कि एक अप्रेल 2024 से 31 मार्च 2026 तक पश्चिम क्षेत्र सांस्कृति केन्द्र द्वारा 114 कोर—सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर 5 हजार 961 कलाकारों को लाभान्वित किया गया है।

# मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार एवं पीएम विश्वकर्मा योजना के लंबित प्रकरण शीघ्र निस्तारित करें

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

जिला कलेक्टर संदेश नायक की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में राज्य सरकार की महत्वपूर्ण एवं फ्लैगशिप योजनाओं मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना तथा पीएम विश्वकर्मा योजना की प्रगति एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत बैंकों में लंबित आवेदन पत्रों की विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र जयपुर (शहर) द्वारा योजनाओं की वर्तमान स्थिति एवं बैंक स्तर पर लंबित प्रकरणों की जानकारी प्रस्तुत की गई। जिला कलेक्टर संदेश नायक ने बैंकों को निर्देश दिए कि पात्र आवेदनों पर शीघ्र निर्णय लेते हुए स्वीकृतियां जारी की जाएं तथा लाभार्थियों को समयबद्ध रूप से योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर-प्रथम राजीव द्विवेदी ने भी बैंक अधिकारियों को लंबित आवेदन पत्रों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए समन्वित प्रयास करने पर बल दिया। अग्रणी जिला प्रबंधक द्वारा बैठक में आश्वस्त किया गया कि आगामी 15 दिवस के भीतर बैंक स्तर पर लंबित आवेदन पत्रों का निस्तारण कर लिया जाएगा तथा पात्र प्रकरणों में स्वीकृति की कार्यवाही पूर्ण की जाएगी। जिला कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए प्रगति की समीक्षा करने एवं अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर-प्रथम राजीव द्विवेदी, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र जयपुर (शहर) की महाप्रबंधक डॉ.अनुकृति सिंह, अग्रणी जिला प्रबंधक गणेश कुमार तथा विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# 12 साल विश्वास के... विद्यार्थियों एवं आमजन ने किया प्रदर्शनी का उत्साहपूर्वक अवलोकन

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण एवं राष्ट्र निर्माण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित "12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के" विषयक तीन दिवसीय प्रदर्शनी के दूसरे दिन शनिवार को सूचना केंद्र जयपुर में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, युवाओं एवं आमजन ने पहुंचकर प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में केंद्र सरकार के पिछले 12 वर्षों के दौरान हुए विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को तथ्यात्मक एवं आकर्षक स्वरूप में प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, जनधन योजना, मुद्रा योजना, जल जीवन मिशन, वंदे भारत ट्रेन, मेट्रो विस्तार, डिजिटल इंडिया, महिला सशक्तिकरण, स्टार्टअप इंडिया एवं आधारभूत संरचना विकास सहित विभिन्न क्षेत्रों की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया है। इसके साथ ही प्रदर्शनी में राजस्थान सरकार की उपलब्धियां को भी प्रदर्शित किया गया है।



सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय जयपुर के उपनिदेशक हेमंत सिंह ने बताया कि सूचना केंद्र जयपुर में आयोजित यह प्रदर्शनी 14 जून तक प्रातः 9.30 बजे से सायं 6 बजे तक आमजन के लिए खुली रहेगी।

# फुलेरा रेलवे जंक्शन पर लगी मोदी सरकार के उपलब्धियों की प्रदर्शनी



**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार देश के लोकप्रिय सर्वाधिक अवधि तक लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में फुलेरा जंक्शन पर भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, ऐतिहासिक निर्णयों और विकास कार्यों को प्रदर्शित करने हेतु दो दिवसीय विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में आत्मनिर्भर भारत एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों को चित्रों और विस्तृत जानकारी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी के गरिमामयी शुभारंभ अवसर पर जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह, भाजपा जयपुर जिला देहात दक्षिण के जिला अध्यक्ष राजेश गुर्जर, पूर्व विधायक निर्मल कुमावत, फुलेरा शहर अध्यक्ष प्रणव अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक रतन राजोरा तथा सह संयोजक प्रताप गोर एवं विकास दाधीच उपस्थित रहे। इनके साथ ही पूर्व भाजपा अध्यक्ष महावीर जैन, गिरधारी सिंह शेखावत, हरगोपाल साहू, ताराचंद अमरिया, विनोद अरोड़ा, मनीष गगरानी, सुरेश सैनी, जिला महामंत्री शिवजी राम कुमावत, सुमित्रा नाथावत और रेलवे के कई वरिष्ठ अधिकारी गण भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# हीरापुरा ग्रिड ट्रिपिंग मामले में दो कार्मिक निलंबित, 1 को चार्जशीट

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में 11 जून को 400 केवी जीएसएस हीरापुरा में हुई ट्रिपिंग की घटना और इसके कारण जयपुर शहर के बड़े हिस्से में बिजली आपूर्ति प्रभावित होने के मामले में राज्य सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। ऊर्जा मंत्री के निर्देश पर गठित तीन सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम ने दो कार्मिकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।जांच रिपोर्ट में प्रथम दृष्टया लापरवाही पाए जाने पर विपिन वर्मा, सहायक अभियंता कार्यालय एक्सईएन(400 केवी जीएसएस) हीरापुरा और बाबू सिंह, इलेक्ट्रीशियन-प्रथम कार्यालय एक्सईएन(400 केवी जीएसएस) के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई की गई है। साथ ही, अधीक्षण अभियंता जयपुर सिटी आर.पी. गुप्ता को चार्जशीट दी गई है। निलंबन अवधि के दौरान दोनों कार्मिकों के मुख्यालय अतिरिक्त मुख्य अभियंता (आईटी), आरवीपीएन, जयपुर कार्यालय निर्धारित किए गए हैं। ऊर्जा मंत्री ने कहा है कि प्रसारण तंत्र में किसी भी प्रकार की लापरवाही, बार-बार ट्रिपिंग अथवा आम उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को ग्रिड व प्रसारण व्यवस्था की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

**सरकारी खजाने को करोड़ों** का नुकसान पहुंचाने का खुलासा, अन्य डॉक्टरों, लैब संचालकों की भूमिका की भी कर रहे जांच

# RGHS घोटाले में SOG ने 3 और आरोपियों को किया गिरफ्तार

**FAIR REPORT**

**जयपुर**



राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (आरजीएचएस) में करोड़ों रुपये के कथित फर्जीवाड़े की जांच कर रही स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने संगठित नेटवर्क से जुड़े तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांच में सरकारी डॉक्टरों, डायग्नोस्टिक सेंटर संचालकों और कर्मचारियों की मिलीभगत से फर्जी ओपीडी पर्चियां, अनावश्यक जांचें और फर्जी रिपोर्टों के जरिए सरकारी खजाने को करोड़ों रुपये का नुकसान पहुंचाने का खुलासा हुआ है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पुलिस (एसओजी) विशाल बंसल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की विशेष सतर्कता समिति और विभागीय ऑडिट में सामने आई अनियमितताओं के आधार पर मामला एसओजी को सौंपा गया था। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग की शिकायत पर एसओजी थाने में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई।

जहां जांच में सामने आया कि सीकर स्थित डॉ. विजय एंड बी लाल डायग्नोस्टिक सेंटर के संचालक दिवंगत डॉ. विजय मूंड ने एस.के. अस्पताल, सीकर के कुछ चिकित्सकों के साथ मिलकर फर्जीवाड़े का जाल बिछाया था। इनमें डॉ. कमल कुमार अग्रवाल उर्फ के.के. अग्रवाल, डॉ. गजराज सिंह, डॉ. सुनील ढाका, डॉ. राकेश चौधरी और डॉ. मुकेश वर्मा के नाम सामने आए हैं।एसओजी के अनुसार डॉक्टरों द्वारा कई मामलों में मरीजों को बिना देखे या केवल कागजों पर परामर्श पर्चियां तैयार की जाती थीं। इन पर्चियों में अनावश्यक जांचें लिखी जाती थीं, जिनके आधार पर फर्जी जांच रिपोर्ट तैयार कर आरजीएचएस पोर्टल पर अपलोड की जाती थीं। बाद में इन्हीं रिपोर्टों के आधार पर राज्य सरकार से भुगतान उठाकर अवैध लाभ अर्जित किया जाता था।

इस मामले में मुख्य आरोपी लैब संचालक बनवारी लाल उर्फ बी लाल और चिकित्सक डॉ. कमल कुमार अग्रवाल को एसओजी पहले ही 4 मई 2026 को गिरफ्तार कर चुकी है। दोनों फिलहाल न्यायिक अभिरक्षा में हैं।जांच आगे बढ़ाते हुए एसओजी ने 12 जून को तीन अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें बजरंग सिंह (54) निवासी दादिया, सीकर, अरविंद कुमार शीला (35) निवासी बुगाला, झुंझुनूं, हाल निवासी अंबेडकर नगर, सीकर तथा विक्रम कल्याण (22) निवासी टोडपुरा, झुंझुनूं, हाल निवासी राधाकिशनपुरा, सीकर शामिल हैं। जांच में सामने आया कि गिरफ्तार कर्मचारी आरजीएचएस लाभार्थियों के कार्ड नंबर एकत्रित करते थे और एस.के. अस्पताल से फर्जी परामर्श पर्चियां बनवाने में सक्रिय भूमिका निभाते थे। इसके बाद डॉक्टरों से जांचें दर्ज करवाई जाती थीं और फर्जी रिपोर्टें तैयार कर आरजीएचएस पोर्टल पर अपलोड की जाती थीं।

शनिवार को तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें 16 जून 2026 तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। रिमांड अवधि के दौरान एसओजी वित्तीय लेन-देन, फर्जी पर्चियों की प्रक्रिया और पूरे नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों के बारे में पूछताछ कर रही है। महानिरीक्षक एसओजी अजय लांबा, उपमहानिरीक्षक भवन भूषण यादव तथा पुलिस अधीक्षक कुंदन कंवरिया के सुपरविजन में चल रही जांच का दायरा लगातार बढ़ रहा है।

एसओजी का कहना है कि मामले में शामिल अन्य डॉक्टरों, लैब संचालकों और कर्मचारियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

जांच एजेंसी ने संकेत दिए हैं कि सरकारी धन की अधिकतम रिकवरी सुनिश्चित करने के लिए जरूरत पड़ने पर आरोपियों की चल-अचल संपत्तियों को जब्त या अटैच करने की कार्रवाई भी की जा सकती है।

## ब्रीफ खबरें

### अभिनव पहल: धन ही नहीं, आप अपना समय भी कर सकेंगे जमा



**भरतपुर।** समाज सेवा व सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में अभिनव पहल कर भरतपुर के अपनाघर आश्रम ने 'समय बैंक' का शुभारम्भ किया। इससे नागरिक अपना कुछ समय सेवा कार्यों में देकर उसे भविष्य की जरूरत के लिए सुरक्षित रख सकेंगे। योजना के तहत जो व्यक्ति आज स्वस्थ, सक्षम एवं सेवा देने की स्थिति में हैं, वे अपना घर आश्रम में प्रभुजनों की सेवा, देखभाल, अस्पताल सहयोग, साथ बैठने, भोजन वितरण, पुनर्वास गतिविधियों अथवा अन्य सेवा कार्यों में जितना समय देंगे, उतना समय उनके व्यक्तिगत खाते में जमा होता जाएगा। यह समय भविष्य निधि की तरह सुरक्षित रहेगा और जब उसे किसी कारणवश सहायता, साथ, देखभाल, अस्पताल ले जाने, जांच करवाने, उपचार के दौरान सहयोग अथवा अन्य मानवीय सहायता की जरूरत होगी, तब वह जमा किए गए समय के अनुरूप सेवा ले सकेगा। डॉ. बीएम भारद्वाज, संस्थापक, अपनाघर आश्रम ने बताया कि योजना केवल समय जमा करने की व्यवस्था नहीं है, बल्कि सेवा, संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व पर आधारित एक ऐसा आंदोलन है, जो लोगों को एक-दूसरे का सहारा बनने के लिए प्रेरित करेगा। आज सेवा में दिया गया समय, कल आपकी सामाजिक सुरक्षा के साथ सबसे बड़ा सहारा बनेगा। वहीं जमा किए गए समय का केवल वही उपयोग कर सकेगा, जिसने उसे अर्जित किया है। समय किसी अन्य व्यक्ति, परिजन अथवा उत्तराधिकारी को हस्तांतरित नहीं किया जा सकेगा।

### उभरती तकनीकें बदलेंगी डिजिटल भविष्य की तस्वीर : डॉ. भावेश




**आबूरोड।** माधव विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. भावेश कुमावत ने कहा है कि सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हो रहे निरंतर नवाचार डिजिटल भविष्य को नई दिशा प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्लाउड कंप्यूटिंग ने पिछले वर्षों में डेटा प्रबंधन और प्रसंस्करण की प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं, लेकिन अब इसके साथ-साथ कई नई तकनीकें भी तेजी से विकसित हो रही हैं, जो आने वाले समय में विभिन्न क्षेत्रों में क्रांतिकारी परिवर्तन लाएंगी। डॉ. कुमावत ने बताया कि एज कंप्यूटिंग वर्तमान समय की प्रमुख तकनीकों में से एक है। इस तकनीक के माध्यम से डेटा का प्रसंस्करण उसी स्थान के निकट किया जाता है, जहां वह उत्पन्न होता है। इससे सूचना के आदान-प्रदान में लगने वाला समय कम होता है और त्वरित निर्णय लेना संभव हो पाता है। स्मार्ट सिटी, स्वचालित वाहन और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसे क्षेत्रों में व्यापक उपयोग हो रहा है। फॉग कंप्यूटिंग क्लाउड और एज कंप्यूटिंग के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करती है।

### प्रदर्शनी में महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में हुए नवाचारों को दर्शाया



**भीलवाड़ा।** जिला प्रशासन एवं सूचना व जनसंपर्क विभाग के संयुक तत्वावधान में शनिवार को नगर निगम स्थित महाराणा प्रताप सभागार में जिला स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने विधिवत फीता काटकर किया। इस अवसर पर शहर विधायक अशोक कोठारी ,भाजपा जिलाध्यक्ष और प्रशांत मेवाड़ा भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के" थीम पर केंद्रित प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष चतुर्वेदी ने कहा कि यह आयोजन आमजन को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से रूबरू कराने और उन्हें लाभान्वित करने की दिशा में एक सशक्त माध्यम साबित होगा। प्रदर्शनी में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत सहित कृषि, शिक्षा और महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में हुए अभूतपूर्व नवाचारों को दर्शाया गया है।इस दौरान जिला परिषद सीईओ चंद्रभान सिंह भाटी, जनसंपर्क अधिकारी रवींद्र वैष्णव, अविनाश जीनगर, कुलदीप शर्मा, अंकुर बोरदिया सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और कई गणमान्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### विष्णु लक्ष्मी महायज्ञ की पूर्णाहुति आज, भक्तों ने की यज्ञ मंडप की परिक्रमा



**भीलवाड़ा।** पुरूषोत्तम मास के अवसर पर भगवान श्री हरि माता लक्ष्मी की कृपा प्राप्त करने के लिए छोटी हरणी स्थित हनुमान टेकरी आश्रम में महन्त बनवारीशरण काठियाबाबा के सान्निध्य में 11 कुण्डीय श्री विष्णु लक्ष्मी महायज्ञ की पूर्णाहुति रविवार को होंगी। शनिवार को यज्ञवेदी में आहुतियों देकर सर्व मंगल एवं सुख शांति की कामना की गई। इससे पूर्व यज्ञ मण्डप में श्री शारदा सनातन परमार्थ न्यास के वेदाचार्य पं. मुकेश शास्त्री के निर्देशन में यज्ञ अनुष्ठान सम्पन्न हुए। प्रातःकालीन सत्र में सभी यज्ञकर्ताओं को पवित्रीकरण से पवित्र कर पंचगव्य के प्राशनपूर्वक यज्ञमण्डप में प्रवेश कराया गया। प्रत्येक यज्ञ वेदी पर लक्ष्मी स्वरूपा कन्या ने भी आहुति देकर सर्वत्र सुख एवं सर्वकल्याण की कामना से यज्ञ में आहुतियां दी। सभी मण्डल पर विराजित देवताओं का पूजन करते हुए संकल्प विधि से हवन किया गया। हवन के बाद आरती, पुष्पांजलि ओर यज्ञ मण्डप की परिक्रमा और प्रसाद वितरण के साथ विश्राम हुआ। इस दौरान रासलीला ने श्रद्धालु भक्तों का मन जीत लिया।

---

**स्वदेशी नवाचार एवं उद्यमिता को नई दिशा:** डॉ. राधेश्याम चोयल को बनाया "प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस (मानद)"

# स्वदेशी कन्सोर्टियम स्थापित : MDSU बना पहला विश्वविद्यालय

FAIR REPORT

**अजमेर**

महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर ने शिक्षा, उद्योग, नवाचार एवं स्वदेशी उद्यमिता के समन्वय की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी पहल करते हुए "महर्षि दयानंद सरस्वती स्वदेशी कंसोर्टियम" की स्थापना की है। यह कंसोर्टियम MDSU द्वारा CHARGE के सहयोग से स्थापित किया गया है। इसका उद्देश्य युवाओं को व्यवहारिक औद्योगिक शिक्षा, स्वदेशी नवाचार, कौशल विकास तथा आत्मनिर्भर उद्यमिता से जोड़ना है। साथ ही विश्वविद्यालय ने प्रख्यात उद्यमी, नवाचार विशेषज्ञ



एवं एग्रो-इंडस्ट्रियल क्षेत्र के अनुभवी व्यक्तित्व डॉ. राधेश्याम चोयल को प्रो. ऑफ प्रैक्टिस (मानद) नियुक्त किया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसे उद्योग एवं अकादमिक जगत के बीच मजबूत सेतु निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। कुलगुरु प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि "महर्षि दयानंद सरस्वती स्वदेशी कंसोर्टियम" का उद्देश्य शिक्षा, अनुसंधान, उद्योग एवं उद्यमिता के मध्य सशक्त समन्वय स्थापित करना है, ताकि विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यवहारिक औद्योगिक अनुभव एवं उद्यमिता आधारित प्रशिक्षण भी प्राप्त हो सके। यह कंसोर्टियम विशेष रूप से कृषि-आधारित उद्योगों, एग्रो-प्रोसेसिंग, ग्रामीण नवाचार, स्टार्टअप संस्कृति, FPOs तथा स्वदेशी उत्पादन आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देगा। कुलगुरु प्रो. अग्रवाल ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय सदैव शिक्षा को समाज, उद्योग एवं राष्ट्र निर्माण से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में उच्च शिक्षा संस्थानों की भूमिका केवल डिग्री प्रदान करने तक सीमित नहीं रह सकती, बल्कि उन्हें नवाचार, कौशल विकास एवं रोजगार सृजन के केंद्र के रूप में विकसित होना होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि "महर्षि दयानंद सरस्वती स्वदेशी कंसोर्टियम" विश्वविद्यालय में उद्योग आधारित व्यवहारिक शिक्षा एवं नवाचार संस्कृति को नई दिशा देगा। डॉ. राधेश्याम चोयल पिछले 34 वर्षों से उद्यमिता एवं औद्योगिक विकास के क्षेत्र में सक्रिय योगदान दे रहे हैं।

### युवाओं को मिलेंगे नए अवसर

विशेषज्ञों का मानना है कि राजस्थान जैसे कृषि प्रधान राज्य में यह कंसोर्टियम युवाओं, किसानों, स्टार्टअप्स एवं ग्रामीण उद्यमियों के लिए नए अवसरों का द्वार खोलेगा। इससे विश्वविद्यालय परिसर को केवल पारंपरिक शिक्षा केंद्र के रूप में नहीं, बल्कि "Innovation & Entrepreneurship Launchpad" के रूप में विकसित करने की दिशा में नई गति मिलेगी। यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था, कृषि-आधारित उद्योगों, किसान उत्पादक संगठनों तथा स्वदेशी औद्योगिक विकास को भी मजबूती प्रदान करेगी। चोयल ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायक एवं उत्तरदायित्व पूर्ण है। वहीं उनका उद्देश्य दशकों के औद्योगिक अनुभव को विद्यार्थियों तक पहुंचाना नहीं, बल्कि रोजगार सृजनकर्ता बनाना है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत एवं स्वदेशी उद्योग की अवधारणा तभी सशक्त होगी जब युवाओं को व्यवहारिक कौशल, नवाचार एवं उद्यमिता से जोड़ा जाएगा।

---

**रिहायशी इलाके में मचा हड़कंप :** जहां घटना वहां पर पहले 3 मकान धंस गए थे

# अचानक धंसी जमीन... 40 फीट का गड्ढा बना

FAIR REPORT

**बीकानेर**

जिले के नोखा कस्बे में रिहायशी क्षेत्र में अचानक जमीन धंसने से हड़कंप मच गया। जमीन धंसने से करीब 30 फीट चौड़ा और 40 फीट गहरा गड्ढा बन गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। स्थानीय लोगों के अनुसार जमीन धंसने से आसपास बने कुछ रिहायशी मकान भी खतरे के निशान पर आ गए है, जिससे क्षेत्रवासियों में दहशत का माहौल है। जिस इलाके में यह घटना हुई है। वहां पर करीब डेढ़ साल पहले 3 मकान जमीन धंसने के कारण जमींदोज हो गए थे। उस समय तत्कालीन जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने मौके निरीक्षण कर स्थिति का जायजा जी लिया था।



फिलहाल क्षेत्रवासी प्रशासन से जल्द सर्वे करवाकर खतरे के क्षेत्र को चिह्नित करने और प्रभावित परिवारों को दूसरे स्थान पर शिफ्ट करने की मांग कर रहे हैं। जिससे किसी बड़े हादसे से बचा जा सके। यह घटना कस्बे के रोड़ा रोड स्थित काना महाराज की खेड़ी के पास हुई। जमीन के धसने के बाद स्थानीय निवासियों द्वारा प्रशासन को सूचना देने के बाद भी अभी तक कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। एक स्थानीय निवासी मगनाराम केंडली ने बताया कि आए दिन जो खाने धंसती रहती हैं। नगर पालिका को पूरी तरह से अपने खाते में लिखकर तारबंदी किया जाए। ताकि आने वाले समय पशु और आम लोगों को किसी तरह का नुकसान न हो। रिहायशी इलाके में नगर पालिका द्वारा पट्टे काटे जाने को लेकर स्थानीय निवासी ने कहा कि जिन लोगों द्वारा पट्टे काटे गए, उनके खिलाफ कानूनी एक्शन लिया जाना चाहिए। स्थानीय निवासी मगनाराम ने कहा कि जिन लोगों के नाम पट्टे जारी किए गए, उनको तो पता नहीं था। उनको मुआवजा दिया जाए।एक महिला का घर पूरी तरह से ध्वस्त हो गया और आज वह महिला तंबू के नीचे रहने को मजबूर है। पट्टा सरकार ने दिया, उसी के आधार पर लोगों ने मकान बनाया। अब किस पर भरोसा करे। यह सरकार ही बताए। वहीं, लालचंद भादु ने कहा कि दो साल से यह सिलसिला चल रहा है। डेढ़ साल पहले तीन मकान धंस गए थे। उसके बाद कलेक्ट्रेट का भी दौरा हुआ और पूरे इलाके को पैक कर दिया गया। इसके बाद फिर से खोल दिया गया। यहां पर कम से कम 5-7 गाय भी मर चुकी है। यहां पुरानी खाने थीं। इसके बाद किसी कॉलोनी काटने वाले लालची ने खरीद लिया और उसको मिट्टी से भर दिया। खान में किनारे में भरपूर गैस भर गई और बरसात होने पर जमीन धंस गई। अभी तक ठीक है, कोई जनहानि नहीं हुई। लेकिन बड़ा हादसा हो सकता है। यहां पर बने सभी पट्टों को उचित मुआवजा देकर सुरक्षित जगह शिफ्ट किया जाए।

### पथराव में SHO की गाड़ी तोड़ी

**राजसमंद।** जिले में सड़क हादसे में घायल निजी हॉस्पिटल के कर्मचारी की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजन और ग्रामीण 10 लाख रुपए मुआवजे की मांग को लेकर हॉस्पिटल के बाहर शव रखकर प्रदर्शन करने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझाने की कोशिश की तो प्रदर्शनकारियों ने पथराव शुरू कर दिया। SHO की गाड़ी सहित पुलिस की दो गाड़ियां तोड़ दी। पत्थर लगने से कॉन्स्टेबल का सिर फट गया। हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। घटना देवगढ़ थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह करीब 12 बजे की है। लाखागुड़ा निवासी राजू सिंह (27) पुत्र नारायण सिंह शुक्रवार रात एक सड़क हादसे में घायल हो गया था, जिसे निजी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया था। उपचार के दौरान शनिवार को उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार- राजू सिंह स्तुति हॉस्पिटल में सफाई कर्मचारी था। रात एक सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था।

### तलवार लेकर GSS पहुंचा बिजली कर्मचारी

**जोधपुर।** जिले में शुक्रवार देर रात को शराब के नशे में एक बिजली कर्मचारी अब्दुल रशीद तलवार लेकर गिरदीकोट जीएसएस (विद्युत सब-स्टेशन) ऑफिस पहुंच गया। शराब के नशे में पहुंचे कर्मचारी ने हंगामा करना शुरू कर दिया। वह समझाइश करने आए अधिकारियों औ कर्मचारियों को धमकाने लगा और कहा- किसी को नहीं छोडूंगा। मामला जोधपुर शहर के सदर कोतवाली थाना क्षेत्र में स्थित गिरदीकोट जीएसएस में शुक्रवार देर रात करीब 10:30 बजे का है। पुलिस के मुताबिक, कर्मचारी का जीएसएस ऑफिस में ही किसी दूसरे कर्मचारी से विवाद चल रहा था। पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में बिजली कर्मचारी अब्दुल रशीद के हाथ में तलवार दिखाई दे रही है। हंगामा के दौरान वीडियो में अधिकारी-कर्मचारी उससे समझाइश का प्रयास करते हुए भी दिखाई दे रहे हैं। थानाधिकारी ने बताया कि विवाद करने वाले आरोपी कर्मचारी का किसी दूसरे कर्मचारी के साथ विवाद चल रहा था। विवाद के चलते वह शराब के नशे में तलवार लेकर ऑफिस पहुंच गया। इस दौरान कर्मचारी भी वहीं पर मौजूद थे।

---

### कृषि मंत्री से इस्तीफे की मांग, निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो होगा बड़ा आंदोलन

FAIR REPORT

**नागौर**

राजस्थान राज्य बीज निगम में कथित रिश्वतखोरी और अनियमितताओं को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी नागौर ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। जिला अध्यक्ष हनुमान बांगड़ा ने कृषि मंत्री के इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो कांग्रेस बड़ा आंदोलन करेगी। संवादाताओं से बातचीत में बांगड़ा ने कृषि विभाग और बीज निगम से जुड़े मामलों में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की कार्रवाई तथा दर्ज प्रकरणों ने प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए। बांगड़ा ने आरोप लगाया कि कृषि विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के लिए मंत्री स्तर पर जवाबदेही तय की जानी चाहिए। किसानों के हितों की रक्षा




करने में सरकार विफल साबित हुई है। किसान नकली बीज, खाद की कमी और कृषि संबंधी विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं, जबकि सरकार भ्रष्टाचार के मामलों पर पर्दा डालने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि कृषि व्यवस्था लगातार अव्यवस्थित होती जा रही है और भ्रष्टाचार के कारण किसानों का भरोसा सरकारी तंत्र से उठता जा रहा है। पार्टी ने सरकार से किसानों के हितों की सुरक्षा करने व भ्रष्टाचार के मामलों में शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाने की मांग की है।

### विश्व रक्तदाता दिवस पर साइकिल रैली आज

**भीलवाड़ा।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, भीलवाड़ा की ओर से 'विश्व रक्तदाता दिवस' के उपलक्ष्य में रविवार को प्रातः 7:15 बजे साइकिल रैली और सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान मानवता के प्रति समर्पित सेवा कार्यों के लिए मुस्कान फाउंडेशन, भीलवाड़ा साइकिल क्लब एवं सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही, जीवन में अब तक रिकॉर्ड 112 बार रक्तदान कर चुके भीलवाड़ा के विक्रम दाधीच का विशेष बहुमान किया जाएगा। रक्तदान के क्षेत्र में योगदान देने वालों को कलेक्टर जसमीत सिंह संधू एवं संस्था के चैयरमेन लादू राम सम्मानित करेंगे। कार्यक्रम में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चे भी रैली में सहभागिता निभाएंगे।

### यातायात नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई, 333 के चालान, 26 शराबी चालक पकड़े

FAIR REPORT

**नागौर**

शहर में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और यातायात नियमों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नागौर पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। 1 से 30 जून तक संचालित इस अभियान के तहत 12 जून को जिलेभर में व्यापक कार्रवाई करते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कुल 333 चालान किए गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नागौर आशा राम चौधरी के निर्देशन तथा उप अधीक्षक यातायात उम्मेद सिंह के सुपरविजन में की गई इस कार्रवाई में बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 53, बिना सीट बेल्ट 28, मोबाइल



फोन का उपयोग करते हुए वाहन चलाने वाले 5, ओवरलोड सवारी ले जाने वाले 7, काली फिल्म लगे वाहनों के 47, बिना नंबर प्लेट 43, मॉडिफाइड वाहनों के 5 तथा वाहनों पर अनाधिकृत शब्द एवं चिन्ह अंकित करने वाले 5 चालकों के चालान किए गए। अभियान के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले 26 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उनके वाहन जब्त किए गए। वहीं बिना नंबर प्लेट संचालित 11 दुपहिया वाहनों को भी जब्त किया गया। अन्य विभिन्न यातायात नियमों के उल्लंघन के 140 चालान भी बनाए गए। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अभियान पूरे माह जारी रहेगा।

---

**श्री आशापुरा धाम नाडोल में आयोजन:** मुख्य उद्देश्य एकता, शिक्षा तथा नई पीढ़ी को गौरवशाली परंपराओं से जोड़ना

# राव सिरदार समाज का महाकुंभ आज, देशभर से जुटेंगे समाज के लोग

FAIR REPORT

**पाली**

राव सिरदार समाज का बहुप्रतीक्षित महाकुंभ का विशाल आयोजन रविवार को होगा। समाज के इस आयोजन को लेकर पूरे देश में उत्साह का माहौल है। आयोजन समिति की ओर से कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है तथा समाज के लोगों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की जा रही है। समाज बंधुओ को निमंत्रण पत्रिका के साथ पीले चावल भी दिए गए हैं। महाकुंभ में समाज के वरिष्ठजन, युवा, महिलाएं, शिक्षाविद, प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाएं भाग लेंगी। आयोजन




का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता, शिक्षा, सामाजिक समरसता तथा नई पीढ़ी को समाज की गौरवशाली परंपराओं से जोड़ना है। समिति के अनुसार कार्यक्रम स्थल पर भव्य मंच, विशाल पांडाल, पेयजल, भोजन एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले समाजबंधुओं के स्वागत की विशेष तैयारियां भी की गई हैं। महाकुंभ में जहां राव दर्पण मासिक पत्रिका 21वीं वर्षगांठ मनाएगी वही कार्यक्रम में पाली जिला प्रतिभा सम्मान का आयोजन भी किया जाएगा। महाकुंभ में राव दर्पण को सहयोग करने वाले भामाशाह और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली समाज की प्रतिभाओं का सम्मान भी किया जाएगा। राजस्थान सहित देश के विभिन्न राज्यों से समाजबंधुओं के पहुंचने की संभावना है। आयोजन को लेकर गांव-गांव और शहर-शहर में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया है। निमंत्रण पत्रिका के साथ पीले चावल भी बांटे गए हैं। महाकुंभ में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं। पूरे आयोजन स्थल पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे तथा ड्रोन के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी। विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत हजारों राव सिरदार इस महाआयोजन में भाग लेकर सामाजिक एकता का संदेश देंगे। राजस्थान के अलावा मध्यप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, केरल व अन्य राज्यों से राव सिरदार महाकुंभ में उपस्थित होंगे।

### सीसीटीवी व ड्रोन से रहेगी निगरानी, सामाजिक मुद्दों पर होगा गहन मंथन

समिति के अनुसार कार्यक्रम में समाज का एक नाम, शिक्षा, संगठन विस्तार, युवाओं के भविष्य, महिला सशक्तिकरण तथा सामाजिक विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की जाएगी। समाज के प्रबुद्धजन अपने विचार रखेंगे और भविष्य की दिशा तय करने पर मंथन करेंगे।

**महाकुंभ को लेकर समाज में उत्साह :** समाज के लोगों में कार्यक्रम को लेकर भारी उत्साह दिखाई दे रहा है। सोशल मीडिया, बैठकों एवं जनसंपर्क के माध्यम से लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है। **अनेक प्रतिभाओं का होगा सम्मान:** विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाले समाज के प्रतिभावानों को राव सिरदार संघ पाली द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

**एकता का बनेगा नया इतिहास:** आयोजकों का दावा है कि यह महाकुंभ समाज की एकजुटता, संगठन शक्ति और सामाजिक चेतना का ऐतिहासिक उदाहरण बनेगा। साथ ही कार्यक्रम के माध्यम से कोई मुख्य निर्णय सामूहिक रूप से लिया जाएगा। इस आयोजन को लेकर प्रदेश में उत्साह का माहौल है, लोग आयोजन स्थल पहुंच रहे है।

## Fear Among Residents Due to Increasing Theft in Nimbahera

# Thieves Cut Locks with Grinder and Stole More Than ₹15 Lakh in Uday Residency

**Thieves Cut Locks and Latches with Grinder, Targeted Three Houses; Families Were Away at Old House and Haridwar**

FAIR REPORT



**Chittorgarh-** Thieves created panic in Uday Residency colony of the city during the night. Five thieves entered the colony from the fields and targeted three houses. Using a grinder machine, they cut locks and latches and stole gold-silver jewellery worth around 10 lakh and 1.60 lakh cash from two vacant houses. They also attempted theft in one more house. According to the information, the thieves entered the colony after midnight. First, they targeted the house of Mahesh, son of Mishrilal Sahu. Mahesh's family had gone to their old house in Atal Nagar, so the house was empty. When Mahesh reached Uday Residency in the afternoon, he found all the locks broken. Grinder machine blades were lying outside the door. Inside the house, everything was scattered. The thieves searched the cupboards, bed boxes and the entire house. They also damaged the CCTV camera installed outside. From Mahesh's house, they stole a 2.5 tola gold chain, a half tola gold ring, a 3 tola mangalsutra with earrings, a silver ring, around 200 grams silver anklets and 90,000 cash. After this, the thieves targeted the house of Lokesh Soni. Lokesh had gone to Haridwar with his family two days earlier. At around 7 am, neighbour Rajesh Nabariya informed his brother Pawan Soni about the broken main gate lock. When the family reached the spot, they found the locks of rooms, cupboards and lockers broken. From Lokesh Soni's house, thieves took gold and silver jewellery worth around 5 lakh and 70,000 cash. The stolen items included a gold necklace, earrings, four rings, pendant, mangalsutra, gold bangle, eight pairs of silver anklets and silver bangles of a child. After the incident, CCTV footage of the colony showed five thieves moving around the lane at around 3 am. All of them were wearing masks, and one thief was carrying a bag on his back. A dog was also seen with them in the footage. The thieves used a grinder machine to cut the locks of Mahesh Sahu's house. Similarly, they cut the latch of Lokesh Soni's house and entered inside. Police said that the thieves also tried to break into another house but were unsuccessful. Amid increasing theft incidents in the city, this incident in Uday Residency has created fear among residents. Kotwali Police reached the spot, registered a case and started investigation. Police are searching for the accused with the help of CCTV footage and other evidence. The investigation has been handed over to ASI Meghraj Meena.

# Vehicles Seized in Drug Smuggling Cases Auctioned, 14 Vehicles Sold for ₹8.59 Lakh

**Open Auction Conducted in Nimbahera; 8 Two-Wheelers, 5 Four-Wheelers and 1 Heavy Vehicle Sold**

FAIR REPORT



**Chittorgarh-** Police auctioned 14 vehicles seized in drug smuggling cases through an open bidding process. The auction was conducted at Wonder Cement Plant Town Hall, Nimbahera, by the District Level Drug Disposal Committee. The auction generated around 8.59 lakh revenue for the government. The action was taken as per the Government of India Gazette Notification and directions of Rajasthan Police Headquarters. The seized vehicles were involved in illegal drug transportation and were lying in police station storage areas after completion of legal procedures. The auction included 8 two-wheelers, 5 four-wheelers and 1 heavy vehicle. All 14 vehicles were sold to the highest bidders after open bidding. Bidders from Chittorgarh, Udaipur, Bhilwara, Jodhpur, Kota and Madhya Pradesh participated in the auction. SP Dharmendra Singh said that Chittorgarh is a major opium-producing area and is located near the state border, due to which drug smugglers often use this route for illegal transportation. Police stations in the district had seized several vehicles along with narcotic substances in such cases. He said that many seized vehicles were occupying space in police station storage areas, and as per rules, they were required to be disposed of after court decisions or physical verification. For the auction process, a committee was formed under the chairmanship of SP Dharmendra Singh. The committee included ASP Mukul Sharma, Crime Assistant Jodharam Gurjar, Sub Treasury Officer Kailash Bharadia, Junior Accounts Officer Shailesh Boriwal, Transport In-

# Quick Solutions Through Service Camps: Villagers Get Land Pattas, Land Division and Fencing Scheme Benefits

**Rural and Urban Service Camps to be Held Across the District on June 15; Old Problems Being Solved on the Spot**

FAIR REPORT



**Chittorgarh-** Rural and urban service camps are being organized across the district to provide quick solutions to public problems and ensure that government schemes reach every person. Through these camps, many long-pending issues are being resolved on the spot and people are getting benefits of various welfare schemes. In different villages of the district, people received residential land pattas, land division benefits and assistance under the crop protection fencing scheme. At the service camp held in Airal Gram Panchayat of Chittorgarh subdivision, Sohanlal Bhil received his ancestral residential land patta. District Collector Dr. Manju handed over the patta to him. Sohanlal said that he has now received legal ownership of his house and it will also help him in getting loans from financial institutions if needed. Similarly, in Anuppura Gram Panchayat of Bhupal Sagar area, Chhaganlal Jat was given a residential patta. He thanked the government and administration, saying that his housing rights are now secured. In Gopalpura Gram Panchayat of Begun area, land division between Jeetulal son of Mangilal and Samta Kanwar wife of Prajapal Singh, residents of Haripura, was completed with mutual consent. Both sides expressed gratitude to the administration. In Khodip Gram Panchayat of Bhadesar Panchayat Samiti, farmer Pappulal received benefits under the crop protection fencing scheme. He installed 300 meters of fencing around his field and received a subsidy of 30,000. He said the fencing will protect his crops from stray animals and nilgai. Rural service camps were organized in Airal, Raghunathpura, Umand, Anuppura, Lasadiya Kalan, Rajgarh, Gopalpura, Tolo Ka Luhariya, Narsinghgarh, Dalan Kishanpura, Khodip, Akya, Barkheda and Palod Gram Panchayats.

**Rural Service Camps on June 15:**
On June 15, rural service camps will be held at Ghatiyawali, Kharkhanda, Uchnar Khurd, Jashma, Newariya, Eetawa, Katunda, Jawda, Dhorriya, Bansi, Arned and Kishankareeri Gram Panchayats.

**Urban Service Camps Also Planned:**
Urban service camps will be held on June 15 in Chittorgarh Municipal Council wards 5, 6, 7 and 8 from 9:30 AM to 6:00 PM. Similar camps will also be organized in Nimbahera Municipal Council wards 3, 4 and 5, Bari Sadri ward 3, Rawatbhata wards 1, 2, 3, 4, 39 and 40, Begun ward 2 and Akola ward 2. The administration has appealed to people to participate in the camps and take benefits of government schemes and get their problems resolved.

# Lightning Strike Sparks Mid-Air Scare on Colombo-Sydney Flight; 223 On Board Safe After Emergency Return

FAIR REPORT

**Colombo** : More than 200 passengers aboard a SriLankan Airlines flight to Sydney endured tense moments over the Indian Ocean after a lightning strike triggered a mid-air emergency, forcing the aircraft to abandon its journey and return to Colombo shortly after take-off.

Flight UL606, operated by an Airbus A330, had departed Bandaranaike International Airport when it encountered severe weather during its climb. According to airline and media reports, passengers heard a loud bang moments after the lightning strike, while some seated near the windows reported seeing a brief flame from one of the aircraft's engines. With 207 passengers and 16 crew members on board, the flight crew swiftly assessed the situation and elected to turn the aircraft back as a precautionary safety measure. The pilots informed passengers that the aircraft had sustained minor engine-related damage following the strike.

As anxiety spread through the cabin, the crew maintained calm and followed established emergency procedures. The aircraft landed safely in Colombo, where emergency services were placed on standby. Aviation experts note that commercial aircraft are routinely designed to withstand lightning strikes, which occur more frequently than many travellers realise. However, reports of a visible engine flame elevated concern among passengers and transformed what began as a routine overnight journey into a nerve-racking ordeal. SriLankan Airlines later deployed a replacement aircraft, allowing the service to resume after a delay of approximately five hours. All 223 passengers and crew ultimately continued their journey safely to Sydney. The airline said passenger safety remains its highest priority and praised the professionalism of the flight crew during the incident.

# Villagers Thought It Was a Power Cut, But in the Morning Found Thieves Had Opened the Transformer

**Fourth theft in three months in Netawalgarh; thieves stole 25 litres of oil and copper wires, power supply to 40 houses affected, loss of around 80,000**

FAIR REPORT



**Chittorgarh-** In Ramchowk village of Pachhli area under Netawalgarh Gram Panchayat, unknown thieves targeted an electricity transformer late Friday night. The thieves damaged the transformer and stole oil, copper wires and other valuable parts from it. The incident came to light on Saturday morning when villagers went to check why electricity supply had not resumed. After the theft, power supply to around 40 houses of the village was disrupted. The village has a population of nearly 300 people. Villagers thought it was a normal power fault during the night and did not pay much attention. But when electricity did not return even after several hours in the morning, they reached the transformer site and found it damaged. Villager Rajkumar Sharma said that the single-phase power line stopped around 2 am on Friday night. When they checked the spot, they found that unknown thieves had opened the 16 KV single-phase transformer and taken out its parts. The thieves stole around 25 litres of oil, copper wires and other equipment. Electricity department officials reached the spot after receiving information and started assessing the damage. Lineman Ratanlal Dhakad said that as per the initial estimate, the transformer suffered a loss of around 80,000. Efforts are being made to restore the electricity supply. Kotwali police reached the spot after being informed about the incident. Police have registered a case against unknown thieves and started investigation. Villagers have demanded increased police patrolling and quick action against thefts. This is the fourth theft incident in the Netawalgarh Panchayat area in the last three months. Earlier, cases of theft of motors, cables and agricultural equipment from farmers' fields had come to light. The repeated theft incidents have created anger among villagers. Due to the transformer theft, villagers faced many problems in the morning. Water supply was affected due to the power cut, and many families had to bring water from nearby wells. Household work like churning curd, cutting fodder and other electricity-related activities were also affected. Farmers also faced problems in their field work. Villagers have demanded that the previous theft cases along with this incident should be solved soon and monitoring of suspicious activities should be increased.

Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005•
Editor In Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act. **Contact for news or Advertisement Fairreportjaipur@gmail.com**